# 4

# गोशाला की साफ-सफाई

जब हम यह जानते हैं कि गायें किसान के जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसलिए हमारे लिए उनके भोजन, सफाई उन्हें स्वस्थ रखना, बीमारियों का उपचार आदि के बारे में जानना आवश्यक हो जाता है। गोशाला को साफ रखना इसमें बहुत सहायता करता है। एक साफ गोशाला बीमारियों को दूर रखती है। यह गायों को स्वस्थ रखती है जिसका परिणाम बढ़े हुए स्वास्थकर दूध के रूप में होता है। इसलिए इस पाठ में गोशाला को साफ रखने के कुछ सरल तरीकों के बारे में पढ़ेंगे।

## उद्देश्य

इस पाठ का अध्ययन करने के पश्चात् आप :

- गोशाला की सफाई के महत्व की व्याख्या कर सकेंगे;
- गोशाला की देखभाल का वर्णन कर सकेंगे; और
- सफाई प्रक्रिया के स्तरों की व्याख्या कर सकेंगे।

## 4.1 गोशाला की सफाई का महत्व

ग्रामीण भारत में गोशाला प्रत्येक घर का एक महत्वपूर्ण भाग है। हमारे प्राचीन ग्रंथ गायों की स्तुति और हम पर उनके आशीर्वाद से भरे पड़े हैं।

गायों के महत्व पर जोर देते हुए ऋषि कहते हैं-

**गावो ममाग्रत:सन्तु गावोमे सन्तु पृष्ठत:।**


**गावोमे पर्श्वयोसन्तु गवोमध्ये वासाम्यष्म।**

गायों को हमारे आगे-पीछे और चारों ओर होने दो।

गाय को मेरे हृदय में होने दो। मुझे गायों के बीच में होने दो और उन्हें मुझे आर्शीवाद देने दो।

भारत में अक्सर किसानों के घर मिट्‌टी की ईटों से बने होते हैं। लगभग पूरे घर की तली गोबर से लीपी जाती है। हालांकि कई क्षेत्रों में नवीन भवन निर्माण सामग्री के प्रयोग के कारण यह परंपरा कम हो रही है।

ऐसा कहा जाता है कि गोबर में ऐसी क्षमता है कि यह जहां पर लगाया जाता




चित्र 4.1 गोशाला


है वह स्थान सभी प्रकार के नुकसानदेह कीड़ों, जीवाणुओं आदि से रहित हो जाता है। लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि हमें अपनी गोशाला साफ नहीं करनी चाहिए। धूल, पशुओं का बचा भोजन, गोबर, घास व अन्य वस्तुएं गोशाला को गंदा बनाती हैं। इससे स्वच्छता कम होती है और वह कई बीमारियों के आसान शिकार बन जाते हैं। गोशाला का साफ रखना अत्यन्त आवश्यक है क्योंकि यह गायों के स्वास्थ्य में सुधार लाता है। स्वस्थ गायें ज्यादा मात्रा में बेहतर दूध देती हैं।

## 4.2 गोशाला का रख रखाव

गायों के लिए आराम करने व रात को सोने का स्थान गोशाला है। हमने अपने घर में या आस-पास गोशाला देखी है। गोशाला में प्रत्येक गाय के विश्राम करने की जगह 'स्थान' कहलाती है।


गोशाला विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में अलग-अलग दिख सकती है क्योंकि इसके निर्माण में स्थानीय रूप से उपलब्ध सामग्रियों का प्रयोग होता है। कुछ स्थानों पर पत्थर के खम्भों का प्रयोग दीवार के रूप में और घास का प्रयोग छत के लिए किया जाता है। कुछ जगह पर हम ईंट की दीवार पर सीमेंट या टिन शीट की छत देख सकते हैं। गोशाला के निर्माण के समय हमें निम्नलिखित बिन्दुओं को ध्यान में रखना चाहिए-

- एक गाय को विश्राम के लिए स्थान चाहिए। गायों के लिए पर्याप्त गो-स्थान का निर्माण किया जाना चाहिए।
- गोशाला की दीवार के निर्माण के लिए उपयुक्त सामग्री का प्रयोग करना चाहिए।



चित्र 4.2 गोशाला के लिए पर्याप्त स्थान

- किसी भी प्रकार की सामग्री जैसे–पत्थर के खंभे, ईंट के खंभे, लकडी के खंभे, कच्ची ईंट की दीवार, पक्की ईंट की दीवार या सीमेंट की दीवार का प्रयोग दीवार निर्माण में किया जा सकता है।



चित्र 4.3 पर्याप्त हवा व प्रकाश

## गोशाला की साफ–सफाई

- गोशाला में हवा के प्रवाह और पर्याप्त प्रकाश की अवश्य व्यवस्था की जानी चाहिए। अगर आप ईंट की दीवार बना रहे हैं तो हवा के आसान प्रवाह के लिए दीवार के मध्य कुछ छिद्र अवश्य करिए।
- गोशाला लोहे की चद्दर, घास या कंक्रीट की छत से अवश्य ढकी होनी चाहिए।
- छत की ऊँचाई इतनी अवश्य हो कि अगर वह घास से बनी हो या उसमें घास भंडारित हो तो गाय उसे खा ना सके।
- गोशाला का निर्माण इस प्रकार किया जाना चाहिए जिससे अपशिष्ट पदार्थों को हर समय आसानी से साफ किया जा सके। गोशाला को प्रतिदिन साफ करिए।
- अत्यन्त चिकना तल गायों को खड़ा रखने में सहायक नहीं होता क्योंकि यह फिसलता है। अतः सतह खुरदुरी होनी चाहिए।
- गायों के आराम करने के लिए सूखी पत्तियां सतह पर फैला देनी चाहिए।
- सतह को प्रतिदिन साफ व रोगाणु मुक्त करिए। इससे खुरों का गलना व अन्य बीमारियां नहीं होती।

## पाठगत प्रश्न 4.1

सही या गलत पर चिन्ह लगाइए–

1. पूरे घर को गोमय (गाय का गोबर) से साफ किया जाता है।
2. हमारे प्राचीन साहित्य गायों की प्रशंसा से भरे पड़े हैं।

3. गोशाला के लिए हवा का अच्छा प्रवाह व पर्याप्त प्रकाश आवश्यक नहीं है।

4. खुरदुरी सतह पर गायों के आराम के लिए सूखी पत्तियां फैलाइए।

5. गोशाला छत से अवश्य ढंकी होनी चाहिए।

## 4.3 गोशाला की सफाई

गोशाला की सफाई भी समान रूप से आवश्यक है। हम में से कई गोशाला की सफाई के महत्व से परिचित हैं। हालांकि हम गोशाला की सफाई की सही व प्रभावकारी प्रक्रिया ये परिचित नहीं हैं। आइए गोशाला को साफ व स्वच्छ रखने के लिए विभिन्न तरीकों के बारे में जाने :


- गोशाला में हवा का प्रवाह व प्रकाश की व्यवस्था पर्याप्त होनी चाहिए। यह गोशाला को बरसात में भी सूखा रखने में सहायक होता है।




चित्र 4.4 गोशाला की सफाई

## गोशाला की साफ-सफाई

- सतह के ऊपर पदार्थ फैले रहते हैं। इन सभी सूखे पदार्थों को इकट्ठा कीजिए और गोशाला के बाहर रखिए।
- अगर आवश्यक हो तो कम से कम पानी का प्रयोग करते हुए झाडू से अथवा यदि सतह के लिए ईंटों का प्रयोग हो तो पाइप से साफ कीजिए।
- सतह पर फैली पत्तियों को गोबर के साथ इकट्ठा कर लेना चाहिए जिससे जैविक खाद बनाई जा सके।
- गायों को गोशाला के बाहर कुछ समय के लिए चरने के लिए छोड़ दीजिए। पुराने समय में गायों को जंगलों में चरने के लिए छोड़ा जाता था।



चित्र 4.5 बायोगैस

- एक बार आप सतह से सूखी पत्तियां या घास हटा देते हैं तो पूरा क्षेत्र आसानी से साफ हो जाता है।
- उस जगह को भी साफ कीजिए जहां घास व गायों के खाने के अन्य पदार्थ रखे जाते हैं।
- कई क्षेत्रों में सूखे चारे के साथ गेहूं या जौ का आटा मिलाया जाता है। इन स्थितियों में बचा हुआ तरल पदार्थ प्रतिदिन साफ कीजिए।
- गोशाला के अपशिष्ट पदार्थों को गोशाला से बाहर अलग जगह पर इकट्ठा किया जाना चाहिए।
- गोबर को भी अलग से एकत्र करना चाहिए ताकि बायोगैस में प्रयोग की जा सके।
- गोशाला में मच्छर, मक्खी और अन्य विभिन्न प्रकार के कीट-पतंगे पाए जाते हैं। ये गायों को परेशान कर सकते हैं। इसलिए गोबर को जलाकर उसमें नीम की पत्तियों को डालकर धुएं से इन्हें दूर रखा जा सकता है।
- गोशाला को साफ रखने के लिए आसान तरीके अपनाए जा सकते हैं।

## पाठगत प्रश्न 4.2

रिक्त स्थान भरिए-

1. गोशाला में हवा का प्रवाह व .......... पर्याप्त होना चाहिए।
2. गायों को .......... के लिए बाहर खुला छोड़ दीजिए।
3. .......... पर फैलाने के लिए सूखे पदार्थों का प्रयोग होता है।
4. गोबर को अलग से इकट्ठा करना चाहिए जिससे .......... में प्रयोग किया जा सके।
5. .........., मक्खी व अन्य कीड़े-मकौड़े गोशाला में पाए जाते हैं।

## आपने क्या सीखा

- गोशाला को साफ व स्वच्छ रखना बहुत महत्वपूर्ण है।
- गायें भारतीय समाज का अनिवार्य अंग हैं।
- गोशाला का निर्माण मुख्यत: स्थानीय रूप से उपलब्ध पदार्थों से होता है।
- गोशाला में हवा के प्रवाह व प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए।
- इसे हर रोज साफ करना चाहिए।
- अपशिष्ट पदार्थों को अलग रखना चाहिए।

## पाठांत प्रश्न

1. गोशाला की सफाई के महत्व को समझाइए।
2. गोशाला के रख रखाव के लिए कोई चार बिन्दु सुझाइए।
3. सतह से सूखी पत्तियों को हटाना क्यों आवश्यक है।
4. गोशाला में हमें धुंआ क्यों करना चाहिए।
5. गोशाला की सफाई के लिए किए जाने वाले किन्हीं पांच चरणों की सूची बनाइए।

## उत्तरमाला

**4.1**

1. सही
2. सही

3. गलत

4. गलत

5. सही

**4.2**

1. प्रकाश

2. चरने

3. सतह

4. बायोगैस

5. मच्छर